प्रेस नोट **09/12/2024**

आनलाइन न्यू ब्रान्ड की लक्जरी गाड़ियां सस्ते रेट में उपलब्ध कराना बताकर जिसके झांसे में आकर फ्रॉडर के अकाउन्ट में 8 लाख 80 हजार फ्राड की गयी जिसमें से धनराशि 07 लाख 20 हजार रुपये थाना रानीपुर साइबर पुलिस टीम द्वारा वापस कराया गया–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर अपराध के माध्यम से आंनलाइन ठगी गयी धनराशि वापस दिलाने व साइबर अपराध पर प्रभावी कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में थाना रानीपुर साइबर पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए आंनलाइन ठगी के शिकार पीडित पीड़ित अजीत सिंह पुत्र स्व. राजबहादुर सिंह निवासी मंजूसरा थाना रानीपुर मऊ को साइबर फ्राड हुए 7,20,000 रु (सात लाख बीस बजार रु.) अकाउन्ट में वापस कराया गया।

उक्त प्रकरण में आवेदक अजीत सिंह उपरोक्त ने सेकन्ड हैण्ड वाहन खरीदने हेतु आनलाइन सम्पर्क किया। फ्राडर ने बताया की वह न्यू ब्रान्ड की लक्जरी गाड़ियां सस्ते रेट में उपलब्ध करायेगा। इसी झांसे में आकर आवेदक ने फ्राडर के ऊपर विश्वास करते हुए फ्राडर के अकाउन्ट में 8 लाख 80 हजार भेज दिये। काफी दिनो बाद जब फ्राडर द्वारा आवेदक को लक्जरी गाड़ी उपलब्ध नही करायी गयी तथा टालमटोल किया गया तब आवेदक को शक हुआ और पुलिस कम्पलेन किया।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामले को संज्ञान में लेकर जांच पड़ताल कर आवेदक के खाते में 7 लाख 20 हजार रुपये वापस कराये।

बरामदकर्ता पुलिस टीम–

प्रभारी निरीक्षक रानीपुर श्री राजीव कुमार सिंह, उ.नि. आकाश श्रीवास्तव, उ.नि. निशा त्रिपाठी, क0आ0 अब्दुल रब, म.का. रतना सिंह, म.का. वैशाली सिंह थाना रानीपुर जनपद मऊ।

02 गुम हुए मोबाइल फोन को साइबर टीम थाना सरायलखन्सी द्वारा उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सरायलखन्सी साइबर पुलिस टीम द्वारा खोए हुए मोबाइल फोन आवेदक राहुल विश्वकर्मा पुत्र रमेश विश्वकर्मा निवासी मकान न0 202/14 दयाल महतो का छाता जनपद लखनऊ वर्तमान पता खुरहट थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ व आवेदक रमेश प्रसाद पुत्र मूरतराम निवासी भेलासपत मठिया बढ़ुआगोदाम थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ 02 मोबाइल फोन की कुल अनुमानित कीमत 23000.00/- रुपये थाना सरायलखन्सी की साइबर टीम द्वारा वापस कराया गया।

साथ ही साथ आनलाइन धोखाधडी से फ्राड की गयी कुल धनराशि 5000/- रुपये थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ द्वारा वापस कराया गया–

साइबर अपराध के माध्यम से आंनलाइन ठगी गयी धनराशि वापस दिलाने व साइबर अपराध पर प्रभावी कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में थाना सरायलखन्सी साइबर पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए आंनलाइन ठगी

के शिकार पीडित रवि चौहान पुत्र रामशरन चौहान निवासी हजारी का पुरवा सरवां थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ के कुल 5000/- रुपये की सम्पूर्ण धनराशि अथक प्रयास कर उनके खाते में वापस कराया गया। आवेदक द्वारा उच्चाधिकारियों व मऊ पुलिस का आभार व्यक्त किया। साइबर अपराध किसी के साथ और किसी भी प्रकार से घटित हो सकता है। बस जागरुक रहकर ही साइबर अपराध से बचा जा सकता है

बरामदकर्ता पुलिस टीम-

प्रभारी निरीक्षक श्री राजकुमार सिंह, निरीक्षक अपराध श्री हरेन्द्र सिंह, उ0नि श्री प्रभात चन्द पाठक, क0आ नितेश तिवारी, आरक्षी धीरज कुमार, महिला आरक्षी शिखा तिवारी।